संतरा बगीचा घोटाला : संभागीय अधिकारी पर भारी जिला उद्यान अधिकारी

संयुक्त संचालक उद्यान ने दो बार पत्र लिखे, जिला उद्यानिकी विभाग ने एक बार भी जवाब नहीं दिया

शाजापुर, 11 मार्च. संतरा बाग जीर्णोद्धार योजना में गंभीर अनियमितता को लेकर एक तरफ जिला प्रशासन ने पांच सदस्यों की जांच कमेटी गठित की, तो दूसरी तरफ संयुक्त संचालक उद्यान उज्जैन द्वारा दो बार शाजापुर जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि वे संतरा बाग जीर्णोद्धार योजना में गंभीर अनियमितता को लेकर अपना पक्ष लिखित में प्रस्तुत करें, लेकिन शाजापुर जिला उद्यान अधिकारी न तो कलेक्टर की सुनते हैं, न किसी नेता की सुनते हैं और न ही भोपाल की वरिष्ठ अधिकारियों की सुनते हैं, तो संभागीय अधिकारी की सुनने की तो बात ही नहीं है. आज दिनांक तक संभागीय अधिकारी के पत्रों का कोई जवाब नहीं दिया गया.

गौरतलब है कि वर्ष 2024-25 संतरा जीर्णोद्धार घटक अंतर्गत योजना में गंभीर अनियमितता को लेकर जांच प्रतिवेदन के लिए उज्जैन संभाग के संयुक्त संचालक ने पत्र क्रमांक 2526/224 उज्जैन दिनांक 19 फरवरी 2026 के माध्यम से उप संचालक उद्यान को लिखित में आदेशित किया है कि वे उक्त अनियमितता की जांच कर प्रतिवेदन उज्जैन संभाग को प्रस्तुत करें, जिसके लिए 25 फरवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना था, लेकिन इस अवधि में भी कोई जानकारी नहीं दी गई.

इसके बाद उज्जैन संभाग संयुक्त संचालक उद्यान ने अपने पत्र क्रमांक 279 उज्जैन दिनांक 6 मार्च 2026 को तीन संदर्भ का उल्लेख करते हुए 9 मार्च तक संतरा बाग जीर्णोद्धार योजना में गंभीर अनियमितता के मामले में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे, लेकिन उसके बाद भी उप संचालक उद्यान ने वरिष्ठ अधिकारियों के पत्र का कोई जवाब नहीं दिया.

जिसने किया घोटाला, उसी को दिया जांच का जिम्मा

चोर को तिजोरी की चाबी दे दी, यह कहावत उद्यानिकी विभाग में चरितार्थ हो रही है . उप संचालक उद्यान विभाग द्वारा ही संतरा बाग जीर्णोद्धार योजना में फर्जी किसानों की सूची बनाकर करोड़ों का घोटाला किया . और संयुक्त संचालक उद्यान उज्जैन ने उप संचालक उद्यान शाजापुर से ही जांच कर जांच प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए . अब जिस अधिकारी ने खुद फर्जीवाड़ा किया हो, तो क्या वो खुद अपनी जांच करेगा . और जांच भी कर ली, तो क्या सही रिपोर्ट देगा . सवाल यह उठता है कि संयुक्त संचालक उद्यान को इस जांच के लिए बाहर से एक जांच दल गठित करना चाहिए था, तो ही ये घोटाला उजागर हो सकेगा .

बचाव दल बनकर काम कर रही जांच कमेटी

जिले में उद्यानिकी विभाग में संतरा जीर्णोद्धार के मामले में हुए घोटाले की जांच के लिए जो जांच कमेटी बनाई गई है, वह जांच कमेटी विभाग के आला अधिकारी को बचाने के लिए बचाव दल के रूप में काम कर रही है . या यूं कहें कि कमेटी द्वारा जो जांच की जा रही है, उसमें फर्जीवाड़े को फाइलों में दफन करने का काम किया जा रहा है . शायद यही कारण है कि जांच समिति की कार्यवाही की आंच से अभी तक जिला उद्यान अधिकारी बचे हुए हैं .

एक भ्रष्टाचार को आखिर क्यों दबा रहे है सब मिलकर

यदि कोई छोटा कर्मचारी दो-चार हजार रुपए का घोटाला कर देता, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जिले के तमाम अधिकारी ऐसी जांच करते कि उस कर्मचारी को नौकरी से हाथ धोना पड़ जाता, लेकिन एक जिला अधिकारी ने संतरा बाग जीर्णोद्धार के नाम पर करोड़ों रुपए का फर्जीवाड़ा किया और इस मामले में जिला उद्यान अधिकारी पर कार्यवाही करने के बजाय जांच के नाम पर कागजी घोड़े दौड़ाए जा रहे हैं . जिला प्रशासन ने जांच कमेटी गठित की, लेकिन जांच में शामिल सदस्य इस मामले में मौनी बाबा बने हुए हैं . अब देखना है कि ये जांच कमेटी इस भ्रष्टाचार की जांच कर पाती है या घोटाले की बंदरबांट में उनका भी हिस्सा तय होता है .



कार्यालय संयुक्त संचालक उद्यान, उज्जैन संभाग उज्जैन(म0प्र0)
योगी परिसर, उज्जैन फोन नं. 0734-2510358 E-mail jdh.ujjain@mp.gov.in

क्र./उद्यान/तक-1/जीर्णोद्धारा जांच/2025-26/279 उज्जैन, दिनांक 06/03/26

प्रति,

उप संचालक उद्यान,
जिला- शाजापुर(म.प्र.)

विषय :- संतरा बाग जीर्णोद्धार योजना में गंभीर अनियमितता के संबंध में।

संदर्भ :- 1.) संचालनालय, भोपाल का पत्र क्रमांक/उद्यान/शिका./284/2025-26/14 भोपाल, दिनांक 04.02.2026
2.) कार्यालयीन पत्र क्रमांक/उद्यान/तक-1/जीर्णोद्धार जांच/2025-26/224-25 उज्जैन, दिनांक 19.02.2026
3.) संचालनालय, भोपाल का पत्र क्रमांक/उद्यान/शिका./284/2025-26/28 भोपाल, दिनांक 06.03.2026

---: 000 :---

उपरोक्त विषय में लेख है, कि संदर्भित पत्र क्रमांक-01 के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को संतरा बाग जीर्णोद्धारा योजना में गंभीर अनियमितता के संबंध में जांच कर, जांच प्रतिवेदन 07 दिवस में चाहा गया था। इस संबंध में इस कार्यालय के संदर्भित पत्र क्रमांक-02 से जांच हेतु संतरा जीर्णोद्धारा योजना में लाभान्वित कृषकों की सूची एवं अन्य 06 बिन्दुओं की सत्यापित जानकारी आपसे चाही गई थी, जो कि लगभग 15 दिवस व्यतीत होने के पश्चात् भी आपके द्वारा इस कार्यालय को उपलब्ध नही कराई गई है। जिसके कारण निर्धारित समय-सीमा में जांच कर, जांच प्रतिवेदन संचालनालय को भेजने में विलम्ब हुआ है। इस संबंध में पुनः आयुक्त सह-संचालक, उद्यानिकी द्वारा संदर्भित पत्र-03 के माध्यम से विषयांकित प्रकरण में जांच कर, जांच प्रतिवेदन 03 दिवस में अनिवार्य रूप से भेजने हेतु अधोहस्ताक्षरी को निर्देशित किया गया है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है, कि संलग्न संदर्भित पत्र क्रमांक-02 अनुसार चाही गई बिन्दुवार जानकारी तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराई जावें, ताकि संतरा बाग जीर्णोद्धार योजना में गंभीर अनियमितता के संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच कर तथ्यात्मक जांच प्रतिवेदन संचालनालय भोपाल को समय-सीमा में भेजा जा सकें। यदि आपके द्वारा प्रस्तावित जांच से संबंधित चाहे गये बिन्दुओं की सत्यापित जानकारी 09.03.2026 तक इस कार्यालय को उपलब्ध नही कराई जाती है, तो यह माना जाएगा कि, आप जांच में सहयोग नही कर रहे है और इस कार्यालय द्वारा विभाग को आपके विरूद्ध विभागीय जांच हेतु लेख किया जावेगा। जिसके लिए आप स्वयं व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार।

संयुक्त संचालक उद्यान
उज्जैन संभाग उज्जैन

पृ0क्रमांक/उद्यान/तक-1/जीर्णोद्धारा जांच/2025-26/280 उज्जैन, दिनांक 06/03/26

प्रतिलिप :-
1. आयुक्त सह-संचालक, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण म.प्र. भोपाल।
2. आयुक्त, उज्जैन संभाग उज्जैन।
3. कलेक्टर, जिला- शाजापुर।

संयुक्त संचालक उद्यान
उज्जैन संभाग उज्जैन

एक नजर में

गेहूं उपार्जन हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

सोयतकलां, 11 मार्च . मध्यप्रदेश शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी कार्य जिले में 16 मार्च से 5 मई तक किया जाएगा. उपार्जन कार्य को सुचारू एवं निर्बाध रूप से संचालित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में जिला स्तर पर खाद्य विभाग, कक्ष क्रमांक-34 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07362-292106 निर्धारित किया गया है . कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी के रूप में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एनएस मुवेल को नियुक्त किया गया है . साथ ही किसानों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्धारित की गई है, जिसमें कम्प्यूटर ऑपरेटर विशाल खरे प्रात : 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर लोकेश दुबे दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक कंट्रोल रूम में सेवाएं देंगे . कंट्रोल रूम में प्राप्त किसानों की सभी समस्याओं एवं शिकायतों को पंजी में दर्ज कर संबंधित अधिकारियों एवं उपार्जन संस्थाओं को निराकरण हेतु भेजा जाएगा तथा समाधान प्राप्त होने पर शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी देना सुनिश्चित किया जाएगा .

प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण

सोयतकलां, 11 मार्च . प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष डीएस चौहान के द्वारा सोमवार को जिला जेल आगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया . इस दौरान जेल प्रशासन द्वारा संचालित ई प्रिज़न पोर्टल पर आ रही कठिनाइयों पर जेल अधिकारियों से चर्चा की तथा मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा प्रेषित ई प्रिजन पोर्टल से संबंधित निर्देशों का पूर्णत : पालन करने के निर्देश दिए . साथ ही जेल की प्रत्येक बैरक का निरीक्षण कर साफ सफाई एवं जेल बंदियों को दी जा रही सुविधाओं को देखा . जेल बंदियों के लिए भोजन निर्मित करने के स्थान का निरीक्षण कर तैयार किए गए भोजन का भी अवलोकन किया . जेल बंदियों से उनके प्रकरणों में आ रही विधिक समस्याओं के संबंध में भी चर्चा की गई तथा उन्हें उचित विधिक सलाह प्रदान की . इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी फारूक अहमद सिद्दीकी सहित आदित्य यादव जूनियर सिस्टम एनालिस्ट आगर मालवा, उप अधीक्षक जिला जेल आगर मालवा हीरालाल परमार एवं अन्य जेल स्टाफ उपस्थित रहे .

कबीर फाउंडेशन ने मनाया राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले का महापरिनिर्वाण दिवस

शाजापुर, 11 मार्च . राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले के महापरिनिर्वाण दिवस पर कबीर फाउंडेशन के द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया . कार्यक्रम में सर्वप्रथम सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन किया गया . कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामचंद्र चौहान, विशेष अतिथि तोलाराम सिसोदिया रहे . अध्यक्षता मालवीय बलाई समा धर्मशाला के अध्यक्ष शिवनारायण धारिया ने की . इस दौरान मौजूद वक्ताओं ने सावित्री बाई फुले के जीवन, संघर्ष और समाज सुधार के लिए उनके महान योगदान पर प्रकाश डाला . वक्ताओं ने बताया कि सावित्री बाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं, जिन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर वर्ष 1848 में लड़कियों के लिए पहला आधुनिक विद्यालय शुरू किया . उस समय समाज में महिलाओं की शिक्षा को लेकर अनेक बाधाएं थीं, लेकिन उन्होंने साहस और दृढ़ संकल्प के साथ इन चुनौतियों का सामना किया . कार्यक्रम में कबीर फाउंडेशन के अध्यक्ष दिलीप सिंह बामनिया ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने महिलाओं, दलितों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया . उनका जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है . अंत में सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले के आदर्शों को अपनाने और शिक्षा तथा समानता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया . कार्यक्रम में सुखराम मालवीय, बाबूलाल बोड़ाना, रामचन्द्र मालवीय, रामचन्द्र पारस, नागूलाल फुलेरा, एडवोकेट अशोक मालवीय, राजा मेवाड़ा, नारायणसिंह मालवीय, कन्हैयालाल राठौड़, राहुल मेवाड़ा, लोकेंद्र पारस सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे . संचालन सचिव अनिल मालवीय ने किया . उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश सिसनोरिया ने दी .

शाजापुर के चार एनएसएस स्वयंसेवक चित्रकूट में बढ़ा रहे जिले का मान

शाजापुर, 11 मार्च . प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर की एनएसएस इकाई के चार स्वयंसेवक गोविंद गोस्वामी, सूरज राय, मोना सौराष्ट्रीय और चंचल पाटीदार का चयन एनएसएस मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 2026 के लिए हुआ है .

सौर ऊर्जा का चमत्कार, बिजली के बिल हो रहे शून्य, उपभोक्ता बन रहे हैं बिजली उत्पादक

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से रोशन हुए घर, कलेक्टर बाफना ने उपभोक्ताओं को किया सम्मानित

शाजापुर, 11 मार्च. जिले में सौर ऊर्जा के प्रति लोगों का रुझान अब चमत्कारिक परिणाम देने लगा है. शाजापुर के जिन घरों में कभी हजारों रुपये का बिजली बिल आता था, आज उन घरों के बिल न सिर्फ शून्य हो गए हैं, बल्कि माइनस त्रणात्मक में आ रहे हैं. यानी अब उपभोक्ता बिजली खरीद नहीं रहे हैं, बल्कि बिजली बनाकर विद्युत कंपनी को दे रहे हैं. पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शहर के कई जागरूक नागरिकों ने अपने घरों की छतों पर सोलर प्लांट स्थापित करवाए हैं. इस शानदार पहल और पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए कलेक्टर ऋजु बाफना ने उक्त उपभोक्ताओं को सम्मानित कर जिले के अन्य लोगों के लिए एक मिसाल पेश की है.

सैकड़ों उपभोक्ताओं ने अपने घरों में सोलर पैनल लगवाए हैं, जिसके बाद से इनके घरों का आर्थिक गणित ही बदल गया है. ज्योति नगर निवासी बैजनाथ सिंह जिनके घर का बिजली बिल पहले औसतन 3000 रुपये प्रतिमाह आता था, लेकिन सोलर पैनल लगने के बाद अब इनका बिल 2320 रुपये माइनस आ रहा है. इतना ही नहीं, इनके सोलर प्लांट से बनी 1200 यूनिट अतिरिक्त बिजली वर्तमान में विद्युत कंपनी के पास जमा है. वहीं मनोज मदनलाल गुप्ता इनका बिजली बिल भी अब 1002 रुपये माइनस आ रहा है और इनके प्लांट द्वारा उत्पादित 500 यूनिट बिजली ग्रिड में कंपनी के पास जमा है. गिरवर रोड पहले 3000 रुपये का भारीभरकम बिल भरने वाले सैफुद्दीन जी का बिल अब 3200 रुपये माइनस हो गया है. उपभोक्ताओं के अनुसार बिल शून्य होने और अतिरिक्त बिजली उत्पादन के कारण उन्हे सालाना लगभग 40 से 50 हजार रुपये का सीधा आर्थिक फायदा हो रहा है.

कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

सोलर प्लांट लगवाने के पर्यावरण हितैषी कदम की सराहना करते हुए मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मप्रपक्षेविविकं वृत्त शाजापुर ने भी उपभोक्ताओं का सम्मान किया है. शाजापुर नवीन नगर निवासी मनोज गुप्ता, गिरवर रोड निवासी सैफुद्दीन अली, बैजनाथसिंह ने अपने निवास पर 3 किलोवाट के सोलर पैनल लगवाए हैं और वे अन्य लोगों को भी प्रेरित कर रहे हैं. सोलर उर्जा के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उददेश्य से मंगलवार को विभाग के अधीक्षण यंत्री एसएन वर्मा द्वारा उपभोक्ताओं को कलेक्टर ऋजु बाफना से प्रशस्ति पत्र दिलवाकर सम्मानित किया गया. पत्र में उल्लेखित है कि उपभोक्ता के इस प्रयास से न केवल ऊर्जा खर्च कम हुआ है, बल्कि वायु प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिला है. उपभोक्ताओं के सम्मान के दौरान जिपं सीईओ अनुपमा चौहान, अधीक्षण यंत्री एसएन वर्मा, एसडीएम मनीषा वास्कले, जेई रामेश्वर अहिरवार सहिन अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

मकानों की नंबरिंग कर रहे पटवारी के साथ ग्रामीण ने की मारपीट, मामला दर्ज

शाजापुर, 11 मार्च. जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र में शासकीय कार्य में बाधा डालने और एक पटवारी के साथ मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है. सोमवार को ग्राम जामन में जनगणना और मकानों की नंबरिंग का कार्य कर रहे पटवारी पर एक ग्रामीण ने लाठी डंडों से हमला कर दिया. आरोपी ने न केवल सरकारी काम रुकवाया, बल्कि पटवारी को जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है.

डिजिटल युग में महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि

शाजापुर पुलिस ने साइबर फ्रॉड और महिला सशक्तिकरण पर किया जागरूक

शाजापुर, 11 मार्च. आज के आधुनिक और डिजिटल युग में जहां महिलाएं हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं. साइबर अपराधी भी नए नए तरीकों से उन्हें अपना शिकार बना रहे हैं. महिलाओं को इन छिपे हुए खतरों से सुरक्षित रखने और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सशक्त बनाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शाजापुर पुलिस ने एक विशेष पहल की है. पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में कामकाजी महिलाओं को न सिर्फ उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया. बल्कि डिजिटल दुनिया के खतरों से बचने के गुर भी सिखाए गए.

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार और पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में पुलिस कंट्रोल रूम के मीटिंग हॉल में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण विषयक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें जिले के विभिन्न विभागों की महिला अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को बढ़ते सायबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, फिशिंग, सोशल मीडिया अपराध और ऑनलाइन ठगी के प्रति आगाह किया गया. आरआई वंदना सिंह ने विस्तार से बताया कि किस प्रकार सतर्क रहकर ऐसे अपराधों से बचा जा सकता है. महिलाओं को प्रेरित किया गया कि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें. किसी भी प्रकार के अन्याय या अपराध की स्थिति में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें. यह भी बताया गया कि पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष व्यवस्थाएं लागू की गई हैं. रक्षित निरीक्षक वंदना सिंह ने महिलाओं के सामाजिक, पारिवारिक और राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया और पुलिस विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की जानकारी साझा की.

सृष्टि में सबसे अधिक सहनशील है किसान

भारतीय किसान संघ कोषाध्यक्ष बनने पर पालीवाल का स्वागत

सोयतकलां, 11 मार्च. नगर के राजेंद्र पालीवाल को भारतीय किसान संघ में अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं भगवान बलराम के पूजन-अर्चन के साथ हुई.मंच पर राजेंद्र पालीवाल के साथ सोयत नगर के मदनलाल चौधरी, सत्यनारायण सोमानी तथा सुसनेर संघ चालक द्वारकीलाल पाटीदार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे. राजेंद्र पालीवाल ने अपने संबोधन में बताया कि किस प्रकार उनका जुड़ाव भारतीय किसान संघ से हुआ और ग्राम समिति के दायित्व से लेकर आज अखिल भारतीय स्तर तक का यह सफर संगठन के कार्यकर्ताओं और किसानों के सहयोग से संभव हुआ है. उन्होंने कहा कि भारतीय किसान संघ केवल किसानों का ही संगठन नहीं है, बल्कि किसान से जुड़े सभी वर्ग, व्यापारी, दुकानदार और समाज के अन्य लोग भी इसके कार्यकर्ता हैं. उन्होंने कहा कि इस सृष्टि में सबसे अधिक सहनशील किसान है. प्राकृतिक आपदाओं से उसकी खड़ी फसल कई बार नष्ट हो जाती है, लेकिन उसका साहस कभी समाप्त नहीं होता और वह हर वर्ष नई उम्मीद के साथ खेती करता है, ताकि देश और समाज के लिए अन्न का उत्पादन कर सके. पालीवाल ने कहा कि भारतीय किसान संघ में कार्य करना देवतुल्य सेवा के समान है, क्योंकि इसके माध्यम से ऐसे समाज का नेतृत्व करने का अवसर मिलता है, जिसकी आजीविका प्रकृति पर निर्भर है. उन्होंने किसानों से जैविक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में स्वस्थ समाज के लिए जैविक खेती आवश्यक होगी, अन्यथा गांव-गांव में बीमारियों की संख्या बढ़ सकती है.

जनप्रतिनिधियों ने तस्वीर भेंट की...

भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित नागर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पुष्कर सिंह जादौन, उपाध्यक्ष राजेश बैरागी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी माला, श्रीफल एवं तस्वीर भेंट कर उनका स्वागत किया . व्यापारी संघ, मंडी समिति, पत्रकारों तथा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए किसानों व गणमान्य नागरिकों ने भी पालीवाल का अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित कीं . कार्यक्रम के दौरान प्रांत महामंत्री रमेश दांगी एवं प्रांत कार्यालय मंत्री सीताराम प्रजापति ने भी राजेंद्र पालीवाल के कार्यों का उल्लेख किया . संचालन बालचंद दांगी ने किया . आभार तहसील प्रचार-प्रसार प्रमुख हरीश पटेल ने माना .

In The Court of IV Civil Judge, Class-I, District Court, Betul
Presiding Officer : श्री राजकुमार भद्रसेन
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCSA/0000018/2023)

सीताराम .... वादी
Vs
अंशुल .... प्रतिवादी
847/26
Process ID- /2026
पेशी दिनांक- 23/03/2026

प्रेषिती
1. पुष्पा पति कमलेश राठौर पता- जे.के. रोड मीनारा रेन्सीडेंसी मकान नं. 187 नियर एम.पी.ई.बी. ग्राउंड भोपाल तहसील व जिला भोपाल मध्यप्रदेश.
2. ललिता पति रमेश राठौर पता- कालीसिन्ध तहसील कालीसिंध जिला शाजापुर, मध्यप्रदेश.

यह कि प्रार्थी सीताराम ने आपके विरुद्ध सिविल सूट क्लास एसू के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा. साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

यह आज तारीख 24 फरवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर कर दिया गया है.

नोट- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर होगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.

(सील)
न्यायाधीश
राजकुमार भद्रसेन
सिविल न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, जिला बैतूल (म.प्र.)

एक नजर में — शाजापुर नगर पालिका के तुगलकी फरमान के खिलाफ कांग्रेस पार्षद का हल्लाबोल

नगर पालिका सुविधाओं में सिफर, टैक्स वसूली में शिखर पर !

शाजापुर, 11 मार्च. शहर में नागरिक सुविधाओं का अता-पता नहीं है, लेकिन टैक्स वसूली के मामले में शाजापुर नगर पालिका ने आम जनता की कमर तोड़ने की पूरी तैयारी कर ली है. महंगाई की मार से जूझ रही शहर की जनता पर अब जल कर, संपत्ति कर और भवन निर्माण शुल्क में बेतहाशा वृद्धि का चाबुक चलाया गया है. इतना ही नहीं, सीवरेज शुल्क के नाम पर एक नया आर्थिक बोझ भी जनता के कंधों पर लाद दिया गया है.

नगर पालिका के इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ अब बगावत के सुर तेज हो गए हैं. वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद भावना सत्यावात्रे ने इस टैक्स के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया है. उन्होंने एक पत्र लिखकर नगर पालिका द्वारा बढ़ाए गए टैक्स का विरोध करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है.



श्रीमती भावना-सत्यावात्रे
पार्षद
वार्ड क्रमांक-15

निवास
नगरिया कुनारदाका शाजापुर
मो. 9754626956

क्रमांक..... शाजापुर.....

अतिरिक्त शुल्क नहीं लिये जाने संबंध में

नगर पालिका परिषद छुटा हाल ही में लिये गए निर्णय के अनुसार (भवन निर्माण) अनुमति (जल कर) एवं (सम्पत्ति कर) में बेतहाशा की गयी है, जो कि आमजन नगर के परिदृश्य में अत्यधिक है। शाजापुर नगर कई सुविधाओं से वंचित है, जहां पर आम जन को पहले ही बहुत तरह के कर देना पड़ रहे हैं। ऐसे में जल कर, सम्पत्ति कर, भवन निर्माण अनुमति शुल्क के साथ (सिवरेज शुल्क) की अदायगी आम जनता आर्थिक स्थिति पर बोझ डालेगी।

"सिवरेज शुल्क को लेकर विरोध"

बिना सुविधा के टैक्स बढ़ाना जनता की जेब पर डाका

कांग्रेस पार्षद भावना सत्या वात्रे ने नगर पालिका परिषद के हालिया निर्णयों पर तीखा प्रहार करते हुए कड़ा विरोध पत्र जारी किया है . उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा है कि शाजापुर पहले से ही मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है . यहां की जनता पहले ही कई तरह के करों का भारी बोझ उठा रही है . ऐसे परिदृश्य में बिना कोई नई सुविधा दिए भवन निर्माण अनुमति, जलकर और संपत्ति कर में की गई मनमानी बढ़ोतरी सीधे तौर पर आम आदमी के साथ अन्याय है . पार्षद ने अपने पत्र में विशेष रूप से सीवरेज शुल्क की वसूली पर आपत्ति जताई है . उन्होंने स्पष्ट किया है कि बढ़े हुए टैक्सों के साथ साथ इस नए शुल्क की अनिवार्य अदायगी आम आदमी की आर्थिक स्थिति को पूरी तरह चरमरा देगी . उन्होंने सवाल उठाया है कि जब शहरवासियों को व्यवस्थाएं ही मयस्सर नहीं हैं, तो फिर इस मनमाने अतिरिक्त शुल्क की वसूली क्यों, भावना सत्या वात्रे के इस आक्रामक रुख ने स्पष्ट कर दिया है कि वह जनता के हक की इस लड़ाई को मजबूती से लड़ेंगी . उन्होंने मांग की है कि यह अतिरिक्त शुल्क लेने का फैसला तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए . अब देखना दिलचस्प होगा कि जनप्रतिनिधियों के इस तीखे तेवर के बाद क्या नगर पालिका परिषद बैकफुट पर आती है या फिर शहर को एक बड़े जन आंदोलन का गवाह बनना पड़ेगा .